CHAPTER : 4

NUTRITION OF MICROORGANISMS

Microorganisms की वृद्धि जल की उपस्थिति पर निर्भर करती है। वे पोषक तत्व जिनसे microorganisms, cell material उत्पन्न करते है और ऊर्जा प्राप्त करते है, जल में घुलनशील होते है।

Elementary nutrient requirements: Cell का elementary संयोजन 10 macroelements में विभाजित होता है जो हर cell में उपस्थित होते है carbon, hydrogen, oxygen, nitrogen, sulphur, phosphorus, sodium, potassium, calcium, magnesium and iron (C, H, O, N, S, P, K, Na, Ca, Mg, Fe) और microelements या trace elements; manganese, molybdenum zinc, copper, cobalt, nickel, vanadium, boron, chlorine, selenium, silicon, tungsten (Mn, Mo, Zn, Cu, Co, Ni, V, B, Cl, Se, Si, W) और दूसरे भी, जो हर organism को जरूरत नहीं होती।

Major elements, their sources and functions in bacterial cells.

Element	% of dry weight	Source	Function
Carbon	50	Organic compounds or CO_2	Main constituent of cellular material
Oxygen	20	H_2O, organic compounds, CO_2, and O_2	Constituent of cell material and cell water; O_2 is electron acceptor in aerobic respiration
Nitrogen	14	NH_3, NO_3, organic compounds, N_2	Constituent of amino acids, nucleic acids nucleotides, and coenzymes
Hydrogen	8	H_2O, organic compounds, H_2	Main constituent of organic compounds and cell water
Phosphorus	3	Inorganic phosphates (PO_4)	Constituent of nucleic acids, nucleotides, phospholipids, LPS, teichoic acids
Sulfur	1	SO_4, H_2S, S^o, organic sulfur compounds	Constituent of cysteine, methionine, glutathione, several coenzymes
Potassium	1	Potassium salts	Main cellular inorganic cation and cofactor for certain enzymes
Magnesium	0.5	Magnesium salts	Inorganic cellular cation, cofactor for certain enzymatic reactions
Calcium	0.5	Calcium salts	Inorganic cellular cation, cofactor for certain enzymes and a component of endospores
Iron	0.2	Iron salts	Component of cytochromes and certain nonheme iron-proteins and a cofactor for some enzymatic reactions

Accessory nutrients: अधिकतर organisms में carbon और energy स्त्रोत के साथ कुछ accessory nutrients जैसे कि growth factors या vitamins आवश्यक होते है, ये वो substances होते है जो cell के हिस्से होते है परन्तु simple building blocks से नहीं बने होते। 3 प्रकार के accessory factors होते है: - amino acids, purine और pyrimidine bases और vitamins.
Amino acids और purines + pyrimidines proteins और nucleic acid बनाते है इसलिए उचित मात्रा में जरूरी होते है। जबकि vitamins coenzymes या prosthetic groups घटक होते है, इसलिए कम मात्रा में जरूरी होते है।

Aadhar Institute
27, Kisaan Marg, Tonk Road, Jaipur-302015
Phone: 0141-2700670, 9314503070

Sulphur and nitrogen: ये दोनों elements cell में reduced compounds namely sulphydryl और amino group के तौर पर उपस्थित होते है। ज्यादातर microorganisms इन दो elements को oxidized compounds के रूप में पाचन करते है और उन्हें sulphates और nitrates में reduce करते है।

- Most common N_2 source, ammonium salts होते है।
- Oxygen, water, में और carbondioxide & बहुत से organic substances में होती है।
- बहुत सी organisms में molecular oxygen (O_2) अधिकतर जरूरी है।
- O_2 aerobic respiration में terminal electron acceptor है।

Oxygen के आधार पर **organisms निम्न प्रकार से भिन्न होते है: -**

1. **Obligate aerobes:** इन्हें energy aerobic respiration से मिलती है। O_2 पर निर्भर होते है।
2. **Obligate anaerobes:** Oxygen की absence में grow करते है। O_2 इनके लिए विषैली है।
3. **Facultative anaerobes:** Oxygen की presence या absence में grow करते है, e.g., lactic acid bacilli जो O_2 की presence में grow होते है, i.e., ये **aerotolerant** जो oxygen उपयोग नहीं करते और किण्वन से ऊर्जा प्राप्त करते है।
    - **Microaerophile:** prefer small amount of O_2. It is present in mucous membrane
    - **Capnohile**: prefer CO_2 concentration. It's presented in lungs

Nutrient media and growth conditions: Nutrient solution जब पूरी तरह से परिभाषित chemical compounds से बनती है तो वो synthetic या defined medium कहलाता है। हर microorganism की minimal nutrient जरूरत को निर्धारित करके एक minimal medium बनाना वो घटकों का बना है जो वृद्धि के लिए आवश्यक है। Species के अनुसार बहुत से accessory substances आवश्यक होते है। **Leuconostoc mesenteroides** के लिए minimal media में 40 घटक है।

Complex media: बहुत से bacteria में वास्तविक nutrient आवश्यकता पूरी तरह पता नहीं होती। इन organism को उस nutrient solution में culture किया जाता है, जिसमें yeast extracts, yeast autolysates, peptones या दूसरे meat extracts होते है। कुछ microorganism में ये substances malt extract, hay infusions, plum juice, carrot Juice coconut milk और coprophilic fungi के लिए horse dung infusions भी इस्तेमाल कर सकते है। ये nutrient media complex या undefined media कहलाता है।

Solid media: Solid media बनाने के लिए nutrient solution में solidifying agent जोड़ा करते है जो media को jelly जैसी स्थिरता प्रदान करता है। **Gelatine,** जो पहला solidifying agent है, अब बहुत कम ही इस्तेमाल होता है क्योंकि यह 26-30°C पर पिघल जाता है और बहुत से microorganisms इसे द्रवित कर देते है। आदर्श gelling agent agar होता है। यह algae से मिलने वाला अत्यधिक शाखायुक्त जटिल polysaccharide है। इसे aqueous nutrient solution में 15-20 g/lt की मात्रा में जोडा जाता है। यह 100°C पर पिघलता है और 45°C (या कम) से नीचे द्रव रहता है। बहुत कम bacteria इसे पचा पाते है। अगर बिना किसी organic compound का solid media चाहिए होता है, तो silica gel को solidifying agent की तरह उपयोग करते है।

Hydrogen ion concentration: H^+ और OH^- सबसे ज्यादा mobile ions इसलिए इनकी मात्रा में जरा भी बदलाव बडा प्रभाव डालता है। pH की optimal initial maintenance बहुत जरूरी है। कुछ bacteria acid tolerant है (lactobacilli, Acetobacter, sarcina ventriculi) या acidophilic (Thiobacillus) है। Fungi को निचला pH चाहिए। **Soil sample का different pH वाले media पर inoculation pH 5 पर fungi और pH 8 पर bacteria देता है।**

Carbon dioxide: CO_2-fixing, autotrophic bacteria के लिए इस्तेमाल होने वाले nutrient media में $NaHCO_3$ होता है और इसे CO_2-containing atmosphere in a closed system में incubate किया जाता है। वैकल्पिक तौर पर इन्हें air bubbles या CO_2-enrichcd air दी जाती है। सारे cases में, $NaHCO_3$ मात्रा और partial-CO_2 के बीच सम्बन्ध को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

Water content and osmotic pressure: Microorganisms की पानी की आवश्यकता भिन्न होती है। Solid materials और aqueous solutions को तुलना करने के लिए with respect to available water, water activity (a_w) या relative humidity जैसे parameters का इस्तेमाल होता है। ये parameters vapour phase से सम्बन्धित वो solid material या aqueous solution के साथ संतुलन में होते है। ये water concentration in the vapour phase over the material in question का ratio है & the water concentration in the gaseous phase over pure water, at a given temperature.
Microorganisms, range of water activities में grow कर सकते है 0.998-0.6 (a_w). Lowest water activity osmotolerant yeast Saccharomyces rouxii (a_w 0.6) के लिए reported है। Aspergillus glaucus और अन्य moulds a_w 0.8 पर grow करते है।

Temperature: Bacteria की वृद्धि के लिए तापमान में बदलाव भी दिखते है। ज्यादातर soil और aquatic bacteria mesophilic होते है, i.e. इनकी maximal growth rate 20-42 °C पर होती है। **Thermotolerant** 50°C (**Methylococcus capsulatus**) तक विकास करते है और **thermophilic bacteria.** Extreme thermophiles का growth optimum 65ºC से ऊपर होता है। (**Thermus aquaticus**) कुछ 70ºC के ऊपर विकास कर सकते है (species of **Bacillus** & **clostridium**) या 80°C के ऊपर (**Sulfolobus acidocaldarius**). **Hyperthermophilic** 80°C & 100°C के बीच.

Aadkar Institute
27, Kisaan Marg, Tonk Road, Jaipur-302015
Phone: 0141-2700670, 9314503070

Psychrophillic या cryophilic organism इनमें मुख्यतः कुछ marine bacteria (photobacteria) और iron bacteria (Gallionella) maximum growth 20°C के नीचे दर्शाते है।

Aeration: Obligate aerobes को oxygen final electron acceptor के रूप में जरूरी होती है। जब ये bacteria surfaced agar plates या thin layers of liquid जो कि हवा के सम्पर्क में है, oxygen की आपूर्ति उपयुक्त होती है। हालांकि, ज्यादा गहराई वाले liquid media में सिर्फ सतह पर aerobic bacteria विकास कर सकते है क्योंकि oxygen के लगातार खपत होने से lower layer anaerobic हो जाती है। जब aerobic bacteria को पूरी तरह liquid medium में विकसित करते है, तो aeration से निरन्तर oxygen की आपूर्ति होती है। Microorganisms सिर्फ घुली हुई oxygen का प्रयोग करते है।

घोल में oxygen की दर को, द्रव अवस्था में large area of gas-liquid interphase बढ़ा करके या गैस अवस्था में oxygen के दबाव को बढ़ा करके बढा सकते है। Liquid cultures को हवा से या O_2 N_2 और CO_2 के वायुमिश्रण से aerate करते है, बहुत से तरीके large surface area को tame करने के लिए इस्तेमाल होते है: - (I) thin-layer cultures; (2) agitation of the liquid by shaking (reciprocal or rotary shakers); (3) forced aeration of horizontally held flasks around their longitudinal axis; (4) forced aeration of a liquid column with air under pressure through a gas material (5) percolation through columns of granular aerobic (6) mechanical stirring.

Anaerobic culture: Anaerobic bacteria की वृद्धि के लिए culture media से O_2 का निकास जरूरी है। Anaerobic techniques में, dealtered boiled nutrient media, जो sealed bottles में हो और हवा मुक्त हो, oxygen से मुक्त desicators या anaerobic jars oxygen-absorbing substances (alkaline pyragallol, dithionite) का इस्तेमाल करके और दूसरे तरीकों का इस्तेमाल होता है। Reducing agents (ascorbic acid, thioglycollate, cysteine या sulphide, if tolerated) का संयोजन करने से aerobic oxygen का विषैला प्रभाव खत्म हो जाता है।



Enzyme content				
+ SOD + Catalase	+ SOD + Catalase	+ SOD – Catalase	– SOD – Catalase	+ SOD +/– Catalase (low levels)

Nutritional types

Energy source: ऊर्जा में बदलाव के क्रियाविधि के अनुसार biochemically ATP की उपयोगी रूप के आधार पर organisms को 2 principlal metabolic प्रकार में विभाजित कर सकते है: - **Phototrophic** और **Chemotrophic.** वो organisms जो electromagnetic radiation (light) को ऊर्जा स्त्रोत की तरह विकास के लिए इस्तेमाल करते है। उन्हें **phototrophs** (photosynthesisers) कहते है। **phototrophs** से 2 बडे समूह बनते है: - Anaerobic phototrophic bacteria, जो कि oxygen को नहीं छोडते और aerobic phototrophs, i.e. cyanobacteria, algae और green plants, जो light में oxygen उत्पन्न करते है। Chemotroph (chemosynthetic) oxidation: - Reduction of nutrient substrates से ऊर्जा प्राप्त करते है। Irrespectively reaction की ऊर्जा श्वसन से या किण्वन से मिली है।

Nutritional Type	Energy Source	Carbon Source	Examples
Photoautotrophs	Light	CO_2	Cyanobacteria, some Purple and Green Bacteria
Photoheterotrophs	Light	Organic compounds	Some Purple and Green Bacteria

Aadhar Institute
27, Kisaan Marg, Tonk Road, Jaipur-302015
Phone: 0141-2700670, 9314503070

Chemoautotrophs or Lithotrophs (Lithoautotrophs)	Inorganic compounds, e.g. H_2, NH_3, NO_2, H_2S	CO_2	A few Bacteria and many Archaea
Chemoheterotrophs or Heterotrophs	Organic compounds	Organic compounds	Most Bacteria, some Archaea

Hydrogen donors and carbon sources: वो organisms जो organic compounds को hydrogen donors की तरह इस्तेमाल करते है, उन्हें organotrophs कहते है। ये Term lithotrophs की विपरीत है जो कि inorganic स्त्रोत जैसे NH_3, H_2S, S, CO_2, Fe^{2+} और अन्य को hydrogen donors की तरह इस्तेमाल करते है। Term autotrophy और heterotroph, cellular carbon स्त्रोत के द्वारा प्रस्तुत होती है। Autotrophs वो है जो CO_2 fixation से cellular carbon प्राप्त करते है। Heterotrophs organic compounds के पाचन से cell carbon प्राप्त करते है।

Aadhar Institute
27, Kisaan Marg, Tonk Road, Jaipur-302015
Phone: 0141-2700670, 9314503070

पादप हार्मोन (Plant Hormones)

इन्हें **वृद्धि हार्मोन** (growth hormone), **वृद्धि नियंत्रक** (growth regulators) एवं **वृद्धि पदार्थ** (growth substances) के नाम से भी जाना जाता है।

इस शब्द का उपयोग सर्वप्रथम **स्टार्लिंग** (Starling, 1904) ने किया था जिसका अर्थ है **उद्दीप्त करना**।

पिंकस एवं थीमेन (Pincus and Thimann, 1948) के अनुसार पादप हार्मोन (phytohormones) पादप द्वारा अति सूक्ष्म मात्रा में संश्लेषित कार्बनिक पदार्थ हैं जो अपने संश्लेषण स्थल से दूर वृद्धि एवं अन्य कार्यिकी प्रक्रियाओं को नियंत्रित व प्रभावित करते हैं।

पादप हार्मोन के मुख्य लक्षण (Characteristics of phytohormones)

1. **ये अधिकांशतः मूल शीर्ष, प्ररोह शीर्ष अथवा पर्ण शीर्ष पर संश्लेषित होते हैं।**
2. ये सदैव कार्बनिक पदार्थ होते हैं।
3. **इनकी अत्यंत सूक्ष्म मात्रा ही पर्याप्त होती है।**
4. ये अत्यंत सूक्ष्म परन्तु निश्चित सांद्रता में ही वृद्धि अथवा अन्य कार्यों को प्रेरित व प्रभावित करते हैं।
5. ये सदैव स्वयं के संश्लेषण स्थल से दूर अपना प्रभाव डालते हैं |

प्रकृति में पाये जाने पादप हार्मोनों के मुख्य रूप से पांच समूह हैं-

ऑक्सिन (auxins), जिबरैलिन (gibberellins), सायटोकाइनिन (cytokinins), इथाइलीन (ethylene) एवं ऐबसिसिक अम्ल (abscisic acid) |

इन पादप हार्मोनों को दो समूहों में बांटा जा सकता है

1. वृद्धि प्रवर्धक हार्मोन (Growth promoting hormones)- ये पादप व उनके विभिन्न अंगों में वृद्धि प्रेरित करते हैं जैसे **ऑक्सिन, जिबरैलिन, सायटोकाइनिन आदि।**

2. वृद्धि संदमक हार्मोन (Growth inhibitory hormones)- ये हार्मोन पादप अथवा उनके अंगों में वृद्धि को रोकते अथवा संदमित करते हैं **उदाहरण- एबसिसिक अम्ल ABA**

I. ऑक्सिन (Auxins)

वे वृद्धि नियंत्रक कार्बनिक पदार्थ जो मूल एवं स्तम्भ के शीर्ष पर उपापचयन के फलस्वरूप उत्पन्न होते हैं तथा जिनका कोशिका दीर्धीकरण के लिए स्थानांतरण दीर्धीकरण क्षेत्र में होता है **ऑक्सिन** (auxin) कहलाते हैं।

ऑक्सिन नाम **कोल** (Kogl) द्वारा दिया गया था। इस की उत्पत्ति **ग्रीक** शब्द Auxin से हुई है जिसका अर्थ है **वृद्धि करना** (to grow)।

ऑक्सिन की खोज (Discovery of auxins)

विभिन्न पादप हार्मोनों में से सर्वप्रथम ऑक्सिंन की खोज की गयी थी। इन की खोज का श्रेय प्रसिद्ध जीव विज्ञानी **चार्ल्स डार्विन** (Charles Darwin. 1880) को जाता है **जिन्होंने कैनेरी घास फैलेरिस कैनारिएन्सिस (Phalaris canariensis) के प्रांकुर चोल (coleoptile) पर कुछ प्रयोग किये थे।**

उन्होनें पाया कि प्रांकुर चोल को एक तरफा प्रकाश देने पर वे प्रकाश की दिशा की ओर मुड़ जाते हैं। **प्रांकुर चोल शीर्ष को ढक देने पर अथवा काट देने पर इस प्रकार का प्रकाश की ओर वक्रण दिखाई नहीं देता अर्थात् प्रांकुर चोल का शीर्ष प्रकाश को ग्रहण करके प्रकाशित व अप्रकाशित भाग में असमान वृद्धि को प्रेरित करता है।**



बोयसन जैनसन (Boysen-Jensen 1910-13) ने प्रांकुर चोल के शीर्ष को काट कर बीच में जिलेटिन का एक ब्लाक रखा फिर एक तरफा प्रकाश देने पर पाया कि वे प्रकाश की ओर मुड़ जाते हैं।

दूसरे प्रयोग में उन्होंने देखा कि यदि एक तरफा प्रकाश से प्रदीप्त घास के नवोद्भिद के छाया वाले आधे भाग पर प्रांकुर चोल के शीर्ष के नीचे अभ्रक की प्लेट (mica plate) रख दी जाये तो प्रांकुर चोल प्रकाश की ओर नहीं मुड़ता है। परन्तु इस के वितरीत आधे प्रदीप्त भाग की ओर अभ्रक प्लेट को रखा जाये तो प्रांकुर चोल प्रकाशानुवर्ती वक्रता (phototropic curvature) प्रदर्शित करता है।

इस से सिद्ध होता है कि प्रकाशानुवर्ती वक्रता के लिए उद्दीपन अथवा उद्दीपक पदार्थ शीर्ष से छायामय भाग से ही नीचे स्थानांतरित होता है।

पाल (Paal, 1914-1919) ने अपने प्रयोग में बताया कि जिलेटिन के स्थान पर कोको बटर, अभ्रक अथवा प्लेटिनम की प्लेट का प्रयोग करने पर उद्दीपन का स्थानान्तरण नहीं होता अर्थात संभवतः यह उद्दीपक पदार्थ जल में विलेय होता है। उन्होंने अंधकार में नवोद्भिद के शीर्ष को आधे भाग पर टिकाते हुए इसे पुनः रखा तब भी प्रकाशानुवर्ती वक्रता के समान वक्रता दिखाई दी।

वेंट (Went, 1926, 1928) ने जई के प्रांकुर चोल से शीर्ष को हटा कर अगार के एक खंड पर कुछ देर के लिए रखा। फिर इस ब्लाक के टुकड़े कर के शीर्ष विहीन प्रांकुर पर असममित रूप से (asymmetrically) रखा तो उसमें अंधकार में भी वक्रता पाई।

- उन्होंने शीर्ष को लम्बवत बराबर भागों में काट कर दोनों के नीचे अलग-अलग अगार के टुकडे रखे व एकतरफा प्रकाश दिया तथा असमान वितरण को प्रदर्शित किया प्रकाश की ओर 27% तथा अंधकार की ओर 57% ऑक्सिन प्राप्त हुआ।
- चारों ओर से प्रकाशित शीर्ष में अगार खंडों में समान मात्रा में आक्सिन पाया गया।

प्राप्ति स्थल एवं स्थानांतरण (Occurrence and transport)

सामान्यतः पादपों के सभी अंगों में ऑक्सीन की उपस्थिति हो सकती है किन्तु ऑक्सिन की सांद्रता सबसे ज्यादा शीर्ष बिन्दुओं जैसे प्ररोह शीर्ष, कलिका, प्रांकुर चोल, पर्ण शीर्ष, वृद्धिकारी फल, भ्रूण एवं बीज इत्यादि में पाई जाती है। यहाँ से शीघ्र ही इन का स्थानांतरण अन्य भागों की ओर हो जाता है।

FW WENT (1928) ने ऑक्सिन के ध्रुवीय स्थानांतरण का प्रदर्शन किया। ऑक्सिन का स्थानांतरण हमेशा शीर्ष से आधार की तरफ ही होता है। प्ररोह में यह स्थानान्तरण शीर्ष से नीचे की ओर अर्थात तलाभिसारी (basipetal)तथा मूल शीर्ष से ऊपर की ओर अर्थात् अग्राभिसारी(acropetal) होता है। इस प्रकार का स्थानान्तरण ध्रुवीय स्थानान्तरण (polar transport) कहलाता है। यह प्रक्रिया सान्द्रता प्रवणता (concentration gradient) के विपरीत दिशा में भी हो सकती है।

जैकब (Jacobs, 1962) के अनुसार परिपक्व व विभेदित ऊतकों में ऑक्सिन की गति ध्रुवीय (polar) एवं अध्रुवीय (non polar) दोनों प्रकार की होती है।

सामान्तयः आक्सिन का स्थानान्तरण पोषवाह मृदूतक अथवा संवहन पूलों के परिधीय मृदूतकी कोशिकाओं के माध्यम से होता है। इस संदर्भ में कुछ तथ्य ऑक्सिन के सक्रिय स्थानान्तरण का पुष्टीकरण करते हैं।

1. ऑक्सिन स्थानान्तरण की गति विसरण द्वारा संभावित गति से लगभग 10 गुना से भी अधिक होती है।
2. सांद्रता प्रवणता (concentration gradient) के विपरीत ऑक्सिन स्थानांतरण सक्रिय विधि द्वारा ही सम्भव हो सकता है।
3. ऑक्सिन स्थानान्तरण की ऑक्सीकरण उपापचय पर निर्भरता एवं ATP के निर्माण के संदमकों की उपस्थिति में ऑक्सिन स्थानान्तरण में कमी भी इनके सक्रिय स्थानान्तरण का संकेत देते हैं।

लुण्ड (Lund, 1947) के अनुसार ऑक्सिन का अभिगमन वैद्युत विभव (electric potential) के अन्तर द्वारा नियंत्रित होता है। जई के प्रांकुर चोल का आधार, एकतरफा प्रकाश से प्रदीप्त शीर्ष में छाया वाले क्षेत्र तथा क्षैतिज दिशा में रखे गए प्रांकुर चोल में निचली सतह अपेक्षाकृत अधिक धनात्मक होते हैं तथा ऑक्सिन इन की ओर गति करते हैं।



Schematic model for polar auxin transport

गोल्डस्मिथ (Goldsmith, 1977) ने ऑक्सिन के स्थानान्तरण के लिये रसायन-परासरणी परिकल्पना (Chemi-osmotic hypothesis) प्रस्तुत की। ऑक्सिन के ध्रुवीय स्थानान्तरण में ATP की आवश्यकता होती है। कोशिका झिल्ली अनावेशित IAA के Vacuoleलिये अधिक पारगम्य होती है अतः IAA कोशिका झिल्ली से परासरण (निष्क्रिय क्रिया) द्वारा कोशिका द्रव्य में प्रविष्ट होता है। साथ ही ATP के जलापघटन से प्राप्त ऊर्जा का उपयोग करते हुये H^+ आयन जीवद्रव्य से कोशिका भित्ति में स्थानान्तरित होते हैं। इसके फलस्वरूप कोशिका द्रव्य का pH मान बढ़ जाता है। (cytoso pH = 7.0) एवं कोशिका भित्ति में pH घट (5.5) जाता है। कोशिकाद्रव्य में उच्च pH पर IAA H^+ एवं IAA^- आयन में बंट जाता है तथा कोशिका के निचले छोर पर आवेश युक्त IAA(IAA^-) वाहक के माध्यम से कोशिका से बाहर स्थानांतरित हो जाते हैं। इसके साथ ही $2H^+$ आयन

भी जीवद्रव्य से कोशिकाभित्ति में स्थानांतरित हो जाते हैं। कोशिकाभित्ति क्षेत्र में निम्न pH (5.5) पर IAA^- तथा H^+ मिल कर अनावेशित IAA अणु बनाते हैं जो फिर से निचली कोशिका में प्रवेश करते हैं। इस प्रकार ऑक्सिन का ध्रुवीय स्थानांतरण होता है।

इन का स्थानांतरण तापमान, O_2, गुरूत्वाकर्षण, एवं आयु चित्र-5: ऑक्सिन का ध्रुवीय स्थानान्तरण इत्यादि से प्रभावित होता है।

प्राकृतिक ऑक्सिन (Natural auxins)

ये पादपों में प्राकृतिक रूप से पाये जाते हैं।

- **इन्डोल - 3 एसिटिक अम्ल (Indole-3-acetic acid) सर्वाधिक पाया जाता है।**
- **इन्डोल-3 एसिटाल्डिहाइड (Indole-3-acetaldehyde) एवं इन्डोल-3-इथेनोल (Indole-3-ethanol),** **Indole-3 pyruvic Acid, Indole - 3 acetonitrile** भी पाये जाते हैं। इसके अतिरिक्त पादपों में उसी के समान प्रभाव डालने वाले यौगिक 4-क्लोरो इन्डोल एसिटिक अम्ल (4-chloroindole acetic acid) तथा फिनाइल एसिटिक अम्ल (Phenyle acetic acid PAA) है।
- पादपों में आक्सिन मुक्त अवस्था में (free state) अथवा आबद्ध अथवा संयुग्मित (bound or conjugated) अवस्था में पाये जाते हैं।
- संयुग्मित ऑक्सिन अन्य यौगिकों से सहसंयोजी बंध द्वारा जुड़े रहते हैं |
- IAA ग्लूकोसाइड (IAA glucoside). [AA इनोसिटोल (IAA inositol) आदि आबद्ध ऑक्सिन के कुछ उदाहरण हैं। आबद्ध आक्सिन के जल अपघटन से आक्सिन मुक्त हो जाते हैं।
- कोशिका में दोनों ही अवस्थाएं साम्यावस्था में होती हैं एवं आवश्यकता होने पर जलापघटन द्वारा आक्सिन मुक्त हो सकते हैं।

संश्लेषित ऑक्सिन (Synthetic auxins)

ऑक्सिन के समान कार्यिकी प्रभाव वाले अनेक रासायनिक यौगिक बनाये गये हैं इन्हें संश्लेषित ऑक्सिन कहते हैं।

इनके कुछ उदाहरण हैं-

(i) NAA = Naphthalene Acetic Acid :- Its common name is "Horotomone"

(ii) IBA - Indole Butyric Acid :- Its common name is "Rootone"

(iii) 2-4D = 2-4-dichlorophenoxy Acetic Acid

(iv) 2, 4, 5-T (2, 4, 6-Trichlorophenoxy acetic acid.)

(v) Picloram = 2, 3, 5-trichloro- 4-amino picolinic Acid. (Tordon)

(vi) Delapon = 2, 2-dichloro Propionic Acid.

ऑक्सिन का विनाश (Destruction of auxins)

वेंट (Went. 1928) द्वारा किये गये प्रयोग में अगार ब्लाक में कुल ऑक्सिन 84% ही होता है इससे लगता है कि कुछ ऑक्सिन नष्ट हो जाता है अथवा निष्क्रिय हो जाता है। ऑक्सिन दो प्रकार से नष्ट हो सकते हैं

1. एन्जाइम से आक्सीकरण द्वारा 2. प्रकाशीय ऑक्सीकरण द्वारा

IAA का **एन्जाइमी ऑक्सीकरण** IAA ऑक्सीडेज (1AA oxidase) के कारण होता है। विभिन्न पादपों में 1AA ऑक्सीडेज के आइसोमर पाये जाते हैं। यह परॉक्सीडेज (peroxidase) की तरह कार्य करता हैं तथा 1AA का आक्सीकरण कर एक CO, अणु मुक्त करता है इस प्रकार 1AA सक्रिय नहीं रहता। आबद्ध आक्सिन IAA ऑक्सीडेज के प्रति प्रतिरोध गी होते हैं अतः इस एन्जाइम से उन्हें नष्ट नहीं किया जा सकता।

IAA का पराबैंगनी प्रकाश (UV light) तथा आयनीकारी विकिरण (ionising radiation) के कारण आक्सीकरण होता है तथा वह निष्क्रिय हो जाता है। यह प्रक्रिया प्रकाशीय ऑक्सीकरण कहलाती है।

ऑक्सिन का जैव आमापन (Biossay of Auxins)

पादप वृद्धि हार्मोनों की उपस्थिति प्रदर्शित करने के लिये किये जाने वाले संवेदी जैविक परीक्षण (biological tests) जैव आमापन (bio-assay) कहलाते हैं।

ऑक्सिन के जैव आमापन के लिये प्रांकुर चोल वक्रता परीक्षण (Avena coleoptile curvature test) किया जाता है जिसका उपयोग सर्वप्रथम वेंट (F.W. went, 1926) ने किया था।

इसके अतिरिक्त मूल वृद्धि संदमन विधि द्वारा भी आक्सिम का जैव आमापन किया जाता है।

क्रियाविधि (Mechanism of action)

ऑक्सिन तीन स्तरों पर कार्य कर सकते हैं।

1. जीन अभिव्यक्ति (Gene expression)- कुछ वैज्ञानिकों के अनुसार ऑक्सिन संबंधित जीन के अनुलेखन (transcription) को प्रेरित करते हैं। ऑक्सिन सीधे ही अथवा उपयुक्त निष्क्रिय अनुलेखन कारकों (transcription factors) के साथ जुड़ कर उन्हें सक्रिय कारक (active form) में परिवर्तित कर देते हैं जो अनुलेखन (transcription) को प्रेरित करते हैं | MAA की उपस्थिति में कैलस में वृद्धि के साथ mRNA की मात्रा में वृद्धि तथा प्रति ऑक्सिन (anti auxins) की उपस्थिति में mRNA में कमी इस तथ्य को इंगित करते हैं।

2. विकरों की सक्रियता में वृद्धि (Enhanced enzyme activity)- ऑक्सिन विकरों की सक्रियता में वृद्धि करते हैं। संभवतः वे विकर के निष्क्रिय स्वरूप को परिवर्तित कर उसे सक्रिय करते हैं।

स्कूग एवं **साथियों** (Skoog et al. 1942) ने सुझाया कि संभवतः ऑक्सिन सहएन्जाइम के रूप में कार्य करते हैं एवं वृद्धि को नियंत्रित करने वाले एन्जाइम को नियंत्रित करते हैं।

3. कोशिका पारगम्यता (Cell Permeability)- ऑक्सिन कोशिका झिल्ली में उपस्थित H^+ ATP एज प्रोटॉन पम्प को सक्रिय कर देते हैं तथा इसकी पारगम्यता को बढ़ा देते हैं। इससे कोशिका में परासरण द्वारा जल अवशोषण में वृद्धि होती है जो कोशिका की वृद्धि में सहायक होती है।

ऑक्सिन द्वारा प्रेरित विभिन्न प्रक्रियाओं में इनमें से एक अथवा अधिक प्रक्रियाएं शामिल हो सकती हैं।

ऑक्सिन की भूमिका एवं प्रभाव (Role and effects of auxins)

1.शीर्ष प्रभुता (Apical dominance): मुख्यतः पादपों की पार्श्व कलिकाओं (lateral buds) की क्रिया शीर्षस्थ कलिका द्वारा संदमित होती है। इस स्थिति को शीर्ष प्रभुता अथवा प्रभाविता (apical dominance) कहते है। शीर्ष कलिका के हटाने पर पार्श्व कलिकाएँ तीव्रता से वृद्धि करती हैं। इसकी खोज थीमेन एवं स्कूग (Thimann and Skoog, 1933) ने की थी। पार्श्व कलिकाएं IAA के कारण मुख्य तने से संवहन संबंध (vasscular connections) विकसित नहीं कर पाती अतः उन्हें कलिका से शाखा परिवर्धन हेतु वांछित पोषक पदार्थ वांछित मात्रा में नहीं मिल पाते। इसके अतिरिक्त अधिकांश पदार्थों का चालन शीर्ष में केन्द्रित वृद्धि के कारण शीर्ष की ओर होता है। इसी कारण पावं कलिकाओं का प्रवर्धन नहीं हो पाता।

2. कोशिका विभाजन (Cell division): संहवन एधा (cambium) में कोशिका विभाजन की दर IAA एवं मौसमी क्रियाओं - (seasonal activity)द्वारा नियंत्रित होती है। कलम रोपण (grafting) एवं क्षति के दौरान कैलस निर्माण IAA के कारण होता है।

3. कोशिका विवर्धन (Cell enlargement): ऑक्सिन का एक प्रबल प्रभाव कोशिकाओं का दीर्धीकरण एवं विवर्धन (cell elongation and expansion) होता है जिसके फलस्वरूप स्तम्भ एवं फल के आयतन में वृद्धि होती है। कोशिका दीर्धीकरण परासरण सान्द्रता के बढ़ने, भित्ति दाब कम होने, भित्ति की जल के प्रति पारगम्यता के बढ़ने, कोशिका भित्ति के अधिक निर्माण एवं अधिक प्लैस्टिकता (plasticity) के कारण होता है।

पादप कोशिका का विवर्धम मुख्यतः तीन कारणों से होता है।

1. जल विभव के कारण जल का परासरणी अवशोषण होता है।

2. कोशिका भित्ति की दृढ़ता (rigidity) के कारण स्फीति दाब बढ़ जाता है।

3. कोशिका भित्ति को रासायनिक रूप से कमजोर (अणुओं के बीच बन्ध को कमजोर करने से) करके कोशिका को स्फीति दाब के अनुसार प्रसार करने में मदद मिलती है।

ऑक्सिन इन तीनों को प्रभावित करते हैं।

ऑक्सिन के कुछ प्रभाव जैसे प्रांकुर चोल दीर्धीकरण (coleoptile elongation) बहुत कम समय में होते हैं। जबकि कुछ प्रक्रियाएं जैसे कोशिका दीर्धीकरण को प्रारंभ करने की प्रक्रिया के लिए mRNA एवं प्रोटीन संश्लेषण की आवश्यकता होती हैं।

ऊतक संवर्धन (Tissue Culture)—किसी उपयुक्त संवर्धन माध्यम में पादप कोशिका, ऊतक अथवा अंगों का संवर्धन, ऊतक संवर्धन (Tissue culture) कहलाता है।

एक्सप्लेंट (Explant)-पादप की पत्ती, तना या अन्य भाग जिसको ऊतक संवर्धन के काम में लिया जाता है एक्सप्लेंट कहलाता है।

एक्सप्लांटेशन (Explantation)-एक्सप्लेंट का विच्छेदन, इसको पादप से हटाना एवं इसको उपचारित करने की प्रक्रिया एक्सप्लांटेशन कहलाती है।

कोशिका संवर्धन (Cell-culture)—पात्र में (In vitro) एकल या पादप कोशिकाओं के छोटे समूहों का संवर्धन, कोशिका संवर्धन (Cell-culture) कहलाता है।

कैलस (Callus)-संवर्धन में अविभेदित, असंगठित कोशिकाओं का समूह कैलस कहलाता है।

अंग संवर्धन (Organ culture)-पात्र में मूल शीर्ष (Root tip), स्तंभ शीर्ष (Shoot tip) भ्रूण (Embryo) इत्यादि का संवर्धन, अंग संवर्धन (Organ culture) कहलाता है।

ऊतक संवर्धन विधि (Tissue Culture Methodology)

पादप कोशिका तथा अंगों के संवर्धन में मुख्यतया दो समस्याओं का हल आवश्यक है

(i) पादप कोशिका तथा अंगों को संक्रमण से बचाना।

(ii) कोशिका तथा अंगों में वृद्धि को प्रेरित करने के लिये पोषकों तथा पर्यावरणीय परिस्थितियों को प्रदान करना।

संक्रमण से बचने के लिये आधुनिक उपकरणों को उपयोग में लाया जा सकता है। द्वितीय समस्या के निदान के लिये शोध कार्य जारी है तथा शीघ्र ही इसका हल निकाल लिया जायेगा।

प्रयोगशाला अवकाश (Laboratory Space)

ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला का निर्माण मुख्य रूप से प्रयोगों के प्रकार व संवर्धन की प्रकृति पर निर्भर करता है। लेकिन एक सामान्य ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला में निम्न सामग्री या उपकरणों या सुविधाओं का होना आवश्यक है।

(i) Washing, Drying and Storage of vessel

(ii) Preparation, Sterilization and Storage of media

(iii) Aseptic handling of explants and cultures.

(iv) Maintenance of cultures.

(v) Observation of cultures.

ऊतक संवर्धन कक्ष (Tissue Culture Room)

ऊतक संवर्धन कक्ष में निम्न सुविधाओं का होना आवश्यक हैं

(i) Controlled temperature (25°C + 2°C)

(ii) Culture racks fitted with Light (1000 Line)

(iii) Shaker for agitation of liquid culture.

(iv) Electric supply with generator facility.

प्रयोगशाला में काम में आने वाले उपकरणों को nontoxic detergent विलयन में रात भर रखते हैं तथा ब्रश से साफ करके नल के जल से धोते हैं। अंत में आसुत जल (Distilled water) से धोकर Hot air oven (75-80°C) में सुखाते हैं। इनको धूल रहित कैबिनेट में सुरक्षित रखते हैं।

लेमिनार फ्लो (Laminar flow)

जब प्रयोगशाला वातानुकुलित न हो तो लेमिनार फ्लो का उपयोग अधिक उपयुक्त होता है। सामान्यतया दो या तीन व्यक्तियों के लिये एक wood काफी होती है एवं क्षैतिज (Horizontal) प्रकार का लैमिनार फ्लो अधिक अच्छा रहता है जिसमें संवर्धन माध्यम अधिक सुरक्षित रहते है । **रेडियो समस्थानिकों, कैंसर जन्य कारक, विषाक्त औषधियों, वायरस संवर्धन, प्राइमेट सेल लाइन के लिये Class-II-Biohazard कैबिनेट का उपयोग किया जाता है।**

एक व्यक्ति के लिये 4' x 2' आकार का हुड अधिक उपयुक्त रहता है। इसकी साफ सफाई अधिक सविधाजनक रहती है। लैमिनार फ्लो के सामने की स्क्रीन स्लाइडिंग प्रकार की होनी चाहिए ताकि संक्रमण की स्थिति में इसको साफ किया जा सके।

संवर्धन माध्यम (Culture Medium)

संवर्धित पादप कोशिकाएँ उसी प्रकार की होती है जो पूरे पादप के लिये आवश्यक होती है। माध्यम में उपस्थित पोषण मिश्रण संवर्धित किये जाने वाले ऊतकों के प्रकार जैसे-कोशिका, ऊतक, अंग व प्रोटोप्लास्ट पर निर्भर करती है। अधिकांश पोषक माध्यम में अकार्बनिक पोषक (Micronutrient, Macronutrient), कार्बन स्त्रोत, विटामिन, पादप वृद्धि नियंत्रक व अन्य कार्बनिक पदार्थ होते हैं। जब माध्यम में रासायनिक ज्ञात यौगिक हो तो इसे Synthetic medium कहते हैं। जब माध्यम में जटिल तथा chemically undefined compound (जैसे-fruit juice, plant extract, vegetable extract) उपस्थित हो तो इस माध्यम को Natural medium कहते हैं।

पादप वृद्धि नियामक (Plant Growth Regulators)

पादपों द्वारा उत्पन्न प्राकृतिक कार्बनिक उत्पाद जो वृद्धि तथा विभेदन को प्रेरित करते हैं, पादप हॉर्मोन (Phytohormone) कहलाते हैं। वर्तमान में कुछ संश्लेषी यौगिकों का उपयोग किया जाता है जिनका कार्य इन प्राकृतिक उत्पादों जैसा होता है। ये पदार्थ सामूहिक रूप से पादप वृद्धि नियामक (Plant Growth Regulators) कहलाते हैं। वृद्धि नियामक मुख्यतया चार प्रकार के होते हैं

(i) ऑक्सीन (Auxins)

(ii) Hisalchisida (Cytokinin)

(iii) जिब्रेलिन तथा एब्सीजिक अम्ल (Gibberellins and Abscisic Acid)-

(i) ऑक्सिन (Auxins)-इस का मुख्य कार्य संवर्धन माध्यम में कोशिका विभाजन व कैलस निर्माण को प्रेरित करना होता है। इसके द्वारा पात्र में कोशिका विभाजन, कोशिका दीर्घीकरण, ऊतकों की swelling व adventitious जड़ों का निर्माण प्रेरित होता है। **ऑक्सिन की कम सांद्रता पर adventitious root का निर्माण प्रेरित होता है लेकिन उच्च सांद्रता पर मूल का निर्माण अवरुद्ध हो जाता है तथा कैलस का निर्माण हो जाता है**।

सामान्यतया NAA (Napthalene Acetic Acid), IAA (Indole Acetic Acid), IBA (Indole Butyric Acid), 2,4,5-T (2,4,5-Trichlorophenoxy Acetic Acid), 2-4-D (2,4Dichlorophenoxy Acetic Acid), PCPA (p-Chlorophenoxy Acetic Acid), Pictoram (4-amino 3,5,6-trichloro Picolinic Acid) का उपयोग किया जाता है।

इनमें 2,4-D का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है तथा यह सर्वाधिक प्रभावी होता है।

(ii) साइटोकाइनिन (Cytokinin)—साइटोकाइनिन एडीनिन के व्युत्पन्न है। यह कोशिका विभाजन, shoot induction व कायिक भ्रूण के निर्माण को प्रेरित करता है।

मुख्य रूप से BAP (6- benzyl amino purine), BA (6-benzyl adenine) काइनेटिन (Kinetin-N-2-x fusfuryl amino)-1-H-Purine6-amine), जियाटिन (6-[4-hydroxy-3-methyl-trans-2-butanyl amine), 2-IP (2-Isopentyladenine) का उपयोग किया जाता है।

साइटोकाइनिन, आक्सीन के साथ मिलकर कोशिका विभाजन को प्रेरित करते हैं। साइटोकाइनिन की अधिक मात्रा में (1-10mg/l) में adventitious-shoot का निर्माण प्रेरित होता है लेकिन मूल (Root) का निर्माण अवमंदित होता है। यह Apical dominance को कम करके Axillary shoot formation को प्रेरित करता है। साइटोकाइनिन, RNA संश्लेषण को प्रेरित करता है तथा ऊतकों में प्रोटीन संश्लेषण व एंजाइम सक्रियता को प्रेरित करता है।

(iii) जिब्रेलिन तथा एब्सीजिक अम्ल (Gibberellins and Abscisic Acid)-जिब्रेलिन के द्वारा Shoot elongation, कैलस वृद्धि, विभज्योतक में वृद्धि प्रेरित होती है। GA_3 द्वारा सामान्यतया Adventitious root व Shoot के निर्माण की प्रक्रिया अवमंदित होती है। ABA (Abscisic Acid) द्वारा कैलस निर्माण की वृद्धि का प्रेरण अथवा अवमंदन होना प्रजाति पर निर्भर करता है। भ्रूणोद्भव (Embryogenesis) में भी इसका उपयोग किया जाता है।

निर्जमीकरण विधियाँ (Sterilization Methods)

संवर्धन में काम आने वाली सामग्री जैसे पात्र, उपकरण, माध्यम, पादप सामग्री इत्यादि पूर्णतया निजीकृत होनी चाहिए। इसके लिये निम्न विधियों का उपयोग किया जाता है

(i) शुष्क उष्मा (Dry Heat)-संवर्धन में काम में आने वाले उपकरण को 160-180°C पर तीन घण्टे तक शुष्क उष्मा के द्वारा निर्जमीकृत किया जाता है। इसके लिये ऑटोक्लेव का उपयोग किया जाता है। **वर्तमान में Forcep, scalpel इत्यादि को निर्जमीकृत करने के लिये Glass bead sterilizer का उपयोग किया जाता है।**

(ii) निर्दाहिकरण (Incineration)-कुछ उपकरण जैसे चिमटी (Forcep), चाकू (Scalpel), Needle इत्यादि को सामान्य ज्वाला के द्वारा निर्जमीकृत किया जा सकता है। ज्वाला के द्वारा गर्म करना Incineration कहलाता है। किसी भी संवर्धन पात्र में संवर्धन से पहले इसके मुख को ज्वाला द्वारा निर्जमीकत किया जाता है।

(iii) ऑटोक्लेव (Autoclave) नम उष्मा (Moist Heat)-अकेले संवर्धन पात्र या माध्यम सहित, समस्त उपकरणों इत्यादि को ऑटोक्लेव, प्रेशर कुकर में **121°C पर 15 p.s.i. (Pound per square inch; 1.06 kg/cm-) पर 15 मिनट (20-50 ml medium) से 40 मिनट (2 litre medium) तक गर्म करके निर्जमीकृत किया जा सकता है**। कुछ प्लास्टिक के सवंर्धन पात्रों तथा माइक्रोपिपेट को ऑटोक्लेव किया जा सकता है लेकिन पात्र के ढक्कन उसी समय खोलने चाहिये जब दाब शून्य हो।

(iv) निस्पंदन द्वारा निर्जमीकरण (Sterilization by filtration)-उष्मा से प्रभावित होने वाले सभी यौगिक जैसे वृद्धि हॉर्मोन, वृद्धि नियामक (GAJ, Zeatin, ABA, Urea, Vitamin तथा Enzyme) को उच्च ताप पर उपचारित नहीं करना चाहिये।

इनको निर्जमीकृत करने के लिये विलयन को 0.45° वाली फिल्टर मेम्ब्रेन से गुजारा जाता है। **इस फिल्टर उपकरण (Filter appratus) को भी उपयोग में लेने से पूर्व ऑटोक्लेव द्वारा उपचारित किया जाता है।**

असंक्रमण (Aseptic condition) की स्थिति को बनाये रखने के लिये Laminar air flow chamber का उपयोग किया जाता है जिसमें निर्जमीकृत वायु को प्रवाहित किया जाता है। वायु को सर्वप्रथम Coarse prefitter से गुजारा जाता है जिससे बड़े particle अलग हो जाते हैं। इसके बाद इसे HEPA (High Efficiency Particulate Air) फिल्टर से प्रवाहित किया जाता है। इसमें 0.3°m से बड़े Particle अलग हो जाते हैं। इस निर्जमीकृत वायु को 1.8 km/hr से केबिनेट में प्रवाहित किया जाता है। इस वायु से कार्य क्षेत्र शुद्ध हो जाता हैं।

- **High-efficiency particulate air system(HEPA सिस्टम),** कम से कम 0.3 माइक्रोमीटर की तुलना में कम से कम 99.97 प्रतिशत महीन एयरबोर्न कणों को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया पार्टिकुलेट एयर-फिल्ट्रेशन सिस्टम है ;

- जैसा कि संयुक्त राज्य अमेरिका के ऊर्जा विभाग (DOE) और मानकीकरण के लिए यूरोपीय समिति द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।
- यूरोपीय मानक DOE मानक के समान है; हालाँकि, यह पाँच HEPA वर्गों-H10 से H17 तक बढ़ती दक्षता को परिभाषित करता है।
- HEPA फ़िल्टर शब्द एक विशिष्ट फ़िल्टर डिज़ाइन के लिए नहीं बल्कि दक्षता के विशिष्ट स्तर (यानी, 99.97 प्रतिशत) को संदर्भित करता है
- HEPA फिल्टर 1940 के दशक में विकसित किए गए थे और पहले मैनहट्टन प्रोजेक्ट द्वारा एयरबोर्न रेडियोधर्मी संदूषकों के प्रसार को रोकने के लिए उपयोग किया जाता था।
- भवनों में हवा से वायरस, बैक्टीरिया, वायुजनित कवक, पराग, मानव बाल, और कण पदार्थ (जैसे कि धुएं के कण, पालतू जानवर, और धूल) को खत्म करने के लिए HEPA फिल्टर व्यावसायिक रूप से पेश किए गए थे।
- विमान और अस्पतालों में HEPA फिल्टर लगाए गए हैं, जो हवाई कवक, वायरस और बैक्टीरिया के प्रसार को रोकते हैं।
- अस्पताल की सेटिंग में और अन्य मेडिकल उपयोगों में HEPA फिल्टर आम तौर पर DOE मानक की तुलना में उच्च श्रेणी के होते हैं - अक्सर 99.99 प्रतिशत दक्षता, यूरोपीय प्रणाली में H14 - और उच्च तीव्रता वाली पराबैंगनी रोशनी से लैस होते हैं जो फिल्टर को फंसाने वाले किसी भी बैक्टीरिया और वायरस को मारते हैं।
- **झिल्ली फिल्टर के विपरीत**, HEPA फिल्टर, sieves or strainers की कार्रवाई पर भरोसा नहीं करते हैं, क्योकि वे(membrane filter)एक निश्चित आकार की तुलना में कुछ भी बड़ी चीज को पकड़ते हैं जबकि बाकी गुजरता है।
- इसके बजाय, HEPA फिल्टर, आम तौर पर 0.5 और 2 माइक्रोमीटर के बीच व्यास के साथ बेतरतीब ढंग से व्यवस्थित फाइबरग्लास फाइबर की एक pleated शीट हैं।
- एक मोटराइज्ड पंखा हवा को फिल्टर के माध्यम में को गुज़ारता है, जहां कणों को फंसाया जाता है जब वे तंतुओं मे चिपक जाते है या उनमें एम्बेडेड हो जाते हैं। सबसे छोटे कण गैस के अणुओं से टकराते हैं और इस तरह की टक्करें फिल्टर के माध्यम से उन कणों के मार्ग को धीमा कर देती हैं और उनके फंसने की संभावना को बढ़ा देती हैं।
- **HEPA फ़िल्टर ट्रैप कणों से लैस Air-purifying systems; उनका निपटान dispose नहीं करते हैं।**
- नतीजतन, HEPA सिस्टम आमतौर पर अन्य प्रक्रियाओं को अपना काम पूरा करने के लिए नियोजित करता है, जैसे कि बैक्टीरिया और वायरस को नष्ट करने के लिए उच्च-ऊर्जा पराबैंगनी प्रकाश....
- सक्रिय कार्बन का उपयोग अक्सर छोटे वाष्पशील रासायनिक अणुओं को सोखने के लिए किया जाता है, जो उन्हें गैसीय से ठोस अवस्था में परिवर्तित करते हैं; इसका गंध नियंत्रण पर अतिरिक्त प्रभाव पड़ता है ।
- Ionizer purifiers, अक्सर घर के उपयोग के लिए बेचे जाते हैं, विद्युत रूप से चार्ज किए गए गैस आयन उत्पन्न करते हैं जो हवाई कणों से जुड़ते हैं और उन्हें एक कलेक्टर प्लेट से चिपके रहते हैं।
- उन उपकरणों को HEPA filtration के विकल्प के रूप में या उसके साथ संयोजन conjunction में भी उपयोग किया जा सकता है।

(v) 70% एल्कोहल द्वारा (By 70% Alcohol)-ऐसी सतह जिसको अन्य विधियों से निर्जमीकृत करना संभव नहीं हो- जैसे लैमिनार फ्लो का प्लेटफॉर्म, काम करने वाले के हाथ इत्यादि को 70% एल्कोहल से साफ करके, हाथों को सुखाते हैं।

(vi) सतही निर्जमीकरण (Surface Sterilization)—सभी explant पर उपस्थित सूक्ष्मजीवों को हटाने व मारने लिये निर्जमीकारक कारकों (Sterilizing agents) का उपयोग किया जाता है। यह विधि उपयोग में लिये जाने वाले explant की सतह पर निर्भर करती है जो Contamination load तथा निर्जमीकृत कारक की tolerance का निर्धारण करती है।

- सतही निर्जमीकरण के लिये **Calcium hypochlorite (9-10%), Sodium hypochlorite (2%), Mercuric chloride (0.1-1%), Silver nitrate (1%), Bromine water (1-2%), H_2O_2 (10-12%)** व कुछ प्रतिजैविकों (Antibiotics) का उपयोग किया जाता है। इनमें सामान्यतया Calcium-hypochloride, Sodium hypochloride तथा $HgCl_2$, का उपयोग किया जाता है।

- उपचार प्राय: 5-30 मिनट तक किया जाता है क्योंकि ये कारक पादप ऊतकों के लिये विषाक्त होते हैं।
- इन कारकों की सांद्रता तथा उपचारित करने का समय भी न्यूनतम होना चाहिये ताकि ऊतक क्षति न्यूनतम हो उपचारित करने के पश्चात explant की सतह को शुद्ध जल के द्वारा उपचारित किया जाता है।

1. **Restriction endonucleases:** एक *endonuclease* एक enzyme है जो nucleic acid के phosphodiester bonds को एक internal site (एक *exonuclease* से नहीं काटा जाता, जो केवल दोनों सिरों में से एक सिरा के nucleotides को काटता है) कुछ endonucleases DNAs और RNAs के internal bond (अन्तः बन्धों) को randomly (यादृच्छिक) काटता है। हालांकि, ***restriction*** endonucleases specific (विशिष्ट) restriction sites पर dsDNA के दोनों strands को काटते हैं। Restriction endonucleases कई प्रकार के हैं और प्रत्येक restriction endonucleases एक restriction site के लिए अत्यधिक विशिष्ट हैं, जो ज्यादातर 4, 6 या 8 base pairs के होते हैं। कुछ अपवाद हैं जो बाद में discuss किये जायेंगे।

Three types of restriction endonucleases

Type I

- Type I enzymes को सबसे पहले खोजा गया था। इनकी recognition site अलग होती है और इनकी cleage site से काफी दूर होती है।
- इन restriction enzymes को कार्य करने के लिए Magnesium, ATP (adenosine triphosphate) और AdoMet (S-adenosyl methionine) की आवश्यकता होती है।
- Type I restriction enzymes में 3 subunits होती हैं।

Type II

- 3000 से भी ज्यादा अलग–अलग प्रकार के type II restriction endonuclease enzymes हैं।
- Type II restriction enzymes की recognition sites 4 से 8 base pairs लम्बी होती है और Mg^{2+} की उपस्थिति में सक्रिय होती है।
- इनको कार्य करने के लिए ATP या AdoMet की आवश्यकता नहीं होती है।
- ये restriction endonuclease ज्यादातर उसी site पर cut करते हैं, **जहां वे DNA को पहचानते** हैं और ये एक subunit के बने होते हैं।

Type III

- Type III restriction endonucleases recognition site से approximately 25 base pairs पर cut करते हैं।
- **Type I और Type II से अलग, Type III restriction endonucleases दो अलग–अलग nucleotide sequences को recognition sites की तरह पहचानकर कार्य करता है।**
- ये दो nucleotide sequences Type I और Type II द्वारा पहचाने गये sequences से अलग होते हैं, क्योंकि दो sequences non-palindromic और इनकी base pairing में एक दूसरे के विपरीत होते हैं।
- Type III restriction endonucleases को DNA restriction और methylation को पूर्ण करने के लिए AdoMet और ATP की आवश्यकता होती है।

Applications

►Restriction endonucleases को प्राथमिक रूप से DNA replication और protein expression experiments में genes को plasmid vectors में insert कराने में उपयोग किया जाता है।

- सामान्य रूप से उपयोग में लाया जाने वाला restriction endonuclease type II restriction endonucleases है।
- Vector में एक gene को insert कराने के लिए same restriction enzyme को plasmid DNA और gene insert पर use करते हैं। Restriction endonuclease से काटे जाने के बाद, इन्हें DNA ligase के द्वारा जोड़ दिया जाता है।
- इनको single nucleotide polymorphism को पहचानने में भी उपयोग किया जाता है, जो gene alleles से अन्तर पता करने में काम आती है।
- ये एक DNA की genotyping बिना sequencing की cost के allow कर सकता है। Restriction enzymes को ड़ालने के बाद फिर gel electrophoresis कराने पर, gel में उपस्थित bands की संख्या samples के genotype को बताता है।

Aadhar Institute iGuruji

Download iGuruji APP for Video courses and online test series
9314503070
Aadhar Institute
27, Kisaan Marg, Tonk Road, Jaipur-302015
Phone: ,

- Restriction endonucleases, DNA fragmentation के लिए भी उपयोगी है। यह technique DNA को specific sites पर कटने के लिए allow करती है, जो एक निश्चित sequence का fragment में होना सुनिश्चित करती है और सभी टूकड़ें समान आकार के होते हैं। Fragmented होने के बाद, DNA कई प्रकार की analytic techniques के लिए ज्यादा उपयुक्त हो जाता है। यह genetic fingerprinting जैसे प्रक्रियाओं में भी उपयोग किया जाता है।

Restriction sites: सभी restriction sites ***palindromes*** हैं (इनमें same double-stranded DNA base sequence दोनों दिशाओं में होते हैं). उदाहरण के लिए अधिकतर काम में लिया जाने वाला ***Eco* RI** enzyme GAATT (5' से 3') sequence को पहचानता है। जब 5'- से 3'- पढ़ जाता है तो, complementary strand का sequence भी GAATTC होता है।

Bacteria restriction endonucleases को defense mechanisms (रक्षा तंत्र) (जैसेः viral invasion के विरूद्ध) की तरह उपयोग करता है। प्रत्येक प्रकार के bacterium में अपने स्वयं के restriction enzymes और specific recognition sites होती हैं। Foreign DNA को प्रभावी रूप से recognition sites पर cut लगाकर नष्ट कर दिया जाता है।

Bacteria अपने genome को, अपने DNA की restriction sites में base-modification से (सामान्यतः methylation से) बचाता है। अतः प्रत्येक strain के पास एक restriction endonuclease और DNA methylase, समान target विशिष्टताओं के साथ होता है,

"Restriction" endonuclease नाम इन अत्यधिक विशिष्ट nucleases को इसलिए दिया था क्योंकि ये foreign DNAs से invasion को जैसे कि bacterial viruses, को रोकता है।

Frequency of cutting: Restriction site specificity के कारण, restriction endonucleases DNA को fragments में cut करता है, जिनकी औसत लम्बाई का पता restriction site में उपस्थित base pairs की संख्या से (and to a lesser extent by the ratio of bases in the DNA) चलता है।

